प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- वक्फ संशोधन विधेयक पर राज्यसभा में चर्चा जारी, झारखंड भाजपा ने कहा–आदिवासी समुदाय की मूल संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों का भी होगा संरक्षण, कांग्रेस ने नकारा।
- झारखंड हाईकोर्ट ने त्योहारों में निकाले जाने वाले जुलूस के कारण बिजली काटे जाने पर लिया स्वतः संज्ञान, राज्य सरकार और बिजली विभाग से जवाब तलब।।
- राजभवन में एक भारत– श्रेष्ठ भारत के तहत राजस्थान और ओडिसा का मनाया गया स्थापना दिवस, राज्यपाल ने कहा– दोनों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भारत को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक।
- रांची समेत राज्यभर में चैती छठ व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य किया अर्पित, कल उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व का होगा समापन।
- राज्य के कई हिस्सों में मौसम में आया परिवर्तन, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक रांची समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी भी जारी।

******************

वक्फ संशोधन विधेयकपर राज्यसभा में चर्चा जारी है। विधेयक प्रस्तुत करते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस कानून का नाम यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट इफीसेंसी एंड डेवलपमेंट– उम्मीद हो जायेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड को समावेशी बनाने के लिए इसमें मुस्लिमों के सभी संप्रदायों और महिलाओं का प्रतिनिधित्व होगा।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उम्मीद जतायी है कि लोकसभा की तरह ही राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन विधेयक पास जायेगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश की व्यवस्था अच्छी रहे और कानून सही ढंग से लागू हो, यह सबकी जिम्मेवारी है।

******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वक्फ संशोधन विधेयक का स्वागत किया है। जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इससे आदिवासी समुदाय की मूल संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों का भी संरक्षण होगा लेकिन सदन में कांग्रेस और झामुमो ने जिस तरह से इसका विरोध किया, उससे उनका आदिवासी विरोधी चेहरा कल खुलकर सामने आ गया है।

******************

इधर, कांग्रेस ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक से मुस्लिमों का भला नहीं होगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि इससे नफरत और विद्वेष बढ़ेगा।

******************

रांची में त्योहारों में निकाले जाने वाले जुलूस के कारण 10–10 घंटे बिजली काटे जाने पर आज झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः सज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार और बिजली विभाग से जवाब तलब किया है। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने सभी बिंदुओं पर नौ अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

******************

राज्य में स्वंय सहायता समूहों को बैंकों के साथ क्रेडिट लिंकेज सुनिश्चित कराने की पहल की गयी है। दिसंबर 2019 से अब तक 53 हजार 293 महिला समूहों का गठन किया गया और 13 हजार 659 करोड़ के क्रेडिट लिंकेज की सहायता महिला समूहों को प्रदान की गयी है।

******************

एक भारत– श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत रांची स्थित राज भवन में आज राजस्थान और ओडिसा राज्य का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। राज भवन के दरबार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में दोनों राज्यों के लोगों ने हिस्सा लिया। स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि दोनों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकासशील दृष्टिकोण भारत को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को छह अप्रैल को रामनवमी महोत्सव निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा में सपरिवार सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया।

******************

रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में रवि स्टील के पास 27 मार्च को जूता दुकानदार भूपल साहू की हत्या मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि बदले की भावना में इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।

******************

बिरसा हरित ग्राम योजना चतरा जिले को अफीम मुक्त जिला बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता

******************

संक्षिप्त

- साहिबगंज जिले के निजी स्कूलों में टेटनस और डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान कक्षा 5 से 12 वर्ष तक के किशोर– किशोरियों को टीके लगाये गये।
- लातेहार में पुलिस ने हत्या के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है।
- लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में तीन ग्रामीण घायल हो गए। इलाज के लिए रिम्स ले जाने के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में मौसम एक बार फिर बदल गया है। अगले तीन दिनों तक तेज हवा के साथ मेघ गर्जन, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

******************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग–आईएसएल का सेमीफाइनल मैच आज खेला जाएगा। इस मुकाबले में जमेशदपुर एफसी और मोहन बागान की टीम आमने सामने होगी।

*******समाप्त********